# 5 जय विज्ञान की

H6H6V4

इस इकाई में 'जय जवान, जय किसान' के साथ विज्ञान की जय बताई गई है। वैज्ञानिक खोजों की वज़ह से जो उपकरण बने हैं उनका सारे विश्व पर बहुत बड़ा प्रभाव रहा है। उन प्रभावों के कारण आज सारा विश्व विभिन्न प्रकार से सुख-सुविधाओं का अनुभव कर रहा है।

नैतिक फर्ज़ और मानवता जैसे मूल्य इस इकाई में निहित हैं।

जय जवान की, जय किसान की-
जय हो, जय विज्ञान की!

सुविधाओं का शुरू सिलसिला
विलासिता की खुशबू है,
बचत समय की और शक्ति की
अब विकास का जादू है,
नये-नये उपकरण बनाए-
नूतन अनुसंधान की!

**जय जवान...**






मोबाइल पर बातें करिए
पेजर, फैक्स, मुस्कुराते,
पल में जयपुर, पल में मथुरा
मानव आज पहुँच जाते,
विजयश्री मिलती जिस पथ चल-
डगर वही आसान की!

**जय जवान...**



कम्प्यूटर की क्रान्ति आ गई
इंटरनेट की परछाईं,
अधर-अधर पर खुशियाली की
गंगा-यमुना लहराई,
बच्चे नई सदी के बोलें-
दूनी अपनी शान की!

**जय जवान...**



चलें समय के साथ तभी तो
दुनिया में यश पाएँगे,
इस वसुधा पर स्वर्ण-सवेरा
निज प्रयास से लाएँगे,
फिर करनी शुरुआत सभी को-
मानवता के गान की!

**जय जवान...**

## शब्दार्थ

**सिलसिला** क्रम **विलासिता** सुख-भोग **उपकरण** साधन **अनुसंधान** खोज़ **अधर** होठ **खुशियाली** आनंद, खुशी **दूनी** दोगुनी **शान** शोभा, प्रतिष्ठा **यशगान** प्रशंसा का गान **वसुधा** पृथ्वी **निज** अपना

## मुहावरे

**स्वर्ण सवेरा लाना** सुख सुविधा निर्माण करना **गंगा-यमुना लहराना** बहुत आनंदित होना, खुशहाल होना

## अभ्यास

**प्रश्न 1. टेपरिकार्डर या सी.डी. के जरिए काव्य का श्रवण एवं समूहगान कीजिए।**

**प्रश्न 2. क्या होता? बताइए :**

(1) यदि मोबाइल की खोज नहीं होती तो...

(2) यदि हम समय और शक्ति का सही उपयोग नहीं करते तो...

(3) यदि कम्प्यूटर, फैक्स और इंटरनेट आदि का आविष्कार नहीं हुआ होता तो ...

**प्रश्न 3. दिए गए उदाहरण के अनुसार समान प्रासवाले शब्दों की रचना कीजिए :**

**उदाहरण :** लिखावट - रुकावट, सजावट

(1) नौकरानी : ..............................

(2) आर्थिक : ..............................

(3) नायिका : ..............................

(4) चुनाव : ..............................

## स्वाध्याय

C3R8P4

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(1) कम्प्यूटर और इंटरनेट से हमें क्या लाभ हुए हैं?

(2) समय और शक्ति की बचत कैसे होती है?

(3) किन उपकरणों के माध्यम से संदेशाव्यवहार हो सकता है?

(4) हम धरती पर सुख-सुविधाएँ कैसे निर्माण करेंगे?

(5) क्या करने से हम दुनिया में यश पा सकते हैं?

(6) तुम्हें विज्ञान का कौन-सा आविष्कार सबसे अच्छा लगता है? क्यों?

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए :**

(1) कम्प्यूटर की क्रान्ति आ गई, इंटरनेट की परछाईं,
अधर-अधर पर खुशियाली की, गंगा-यमुना लहराई,
बच्चे नई सदी के बोलें, दूनी अपनी शान की!
जय जवान...

(2) चलें समय के साथ तभी तो, दुनिया में यश पाएँगे,
इस वसुधा पर स्वर्ण-सवेरा, निज प्रयास से लाएँगे,
फिर करनी शुरुआत सभी को, मानवता के गान की!
जय जवान...

**प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

उपकरण, मोबाइल, कम्प्यूटर, क्रांति, खुशियाली

**प्रश्न 4. चित्र देखकर अपनी कापी में वाक्य लिखिए :**



## योग्यता विस्तार

- वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग करके कहानी, जीवन प्रसंग, घटनाएँ आदि ढूँढ़कर भीतिपत्र (बुलेटिन) पर चिपकाइए।
- चर्चा कीजिए : वैज्ञानिक खोज़ – वरदान या शाप
- पढ़िए और समझिए :

टेलिफोन – (Telephone) – दूरभाष
मोबाइल – (Mobile) – भ्रमणभाष
केल्क्युलेटर – (Calculator) – गणनयंत्र
कम्प्यूटर – (Computer) – संगणक
टी.वी. – (Television) – दूरदर्शन
रेडियो – (Radio) – आकाशवाणी
टेपरिकार्डर – (Taperecorder) – ध्वनिमुद्रण यंत्र
फैक्स – (Fax) – चित्रसंदेश
इंटरनेट – (Internet) – आंतरजाल